छोड़ेंगे ना हम तेरे साथ ओ दादा मरते दम तक

मरते दम नहीं, अगले जनम तक,
अगले जनम नहीं, सात जनम तक,
सात जनम नहीं, जनम जनम तक,
छोड़ेंगे ना हम तेरा साथ ओ दादा, मरते दम तक ।

प्रकट प्रभावी दादा मेरे, सबके दुखड़े मिटाते,
खाली झोली जो भी लाता, झोलीया तुम भर देते ।
झोली खाली भरती देखी, तेरी कृपा दादा सबपे बरसती,
नाम जपु तेरा, अंत समय तक ॥
छोड़ेंगे ना हम तेरा साथ ओ दादा, मरते दम तक..

रोती हुई आंखों को दादा, तुने हंसना सिखाया,
इस दुनियां में हारे हुए को, तुने गले से लगाया ।
तेरे दर्श को जी ललचाता, भक्त ये दादा तेरी महिमा गाता,
भक्ति करू तेरी, वाणी हैं जब तक ॥
छोड़ेंगे ना हम तेरा साथ ओ दादा, मरते दम तक..

इस धरती पर प्रकट हुए प्रभु, सबका भाग्य जगाने,
नित्यानंद ने प्रभु से मिलाया, हो गए इनके दीवाने ।
गुरु ने सबको राह दिखाई, तेरी महिमा सबने हैं गाई,
धाम बने तेरा इस धरती पर ॥
छोड़ेंगे ना हम तेरा साथ ओ दादा, मरते दम तक..

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1733/title/chhodenge-na-hum-tera-saath-o-dada-marte-dam-tak

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |